प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

प्रधानमंत्री – वर्ल्ड फूड इंडिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक निवेशक, विशेष रूप से खाद्य क्षेत्र के निवेशक भारत की तरफ बड़ी आशा के साथ देख रहे हैं। नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि घरेलू मांग भारत को प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण और निवेशकों के लिए प्राथमिकता वाला राष्ट्र बनाती है। 21वीं सदी की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी वैश्विक चुनौतियां उत्पन्न हुई भारत ने निरंतर सकारात्मक भूमिका निभाई है।

***जो जो चौलेंज दुनिया के सामने आए हैं भारत में आगे बढ़कर अपनी सकारात्मक भूमिका निभाई है ग्लोबल फूड सिक्योरिटी में भी भारत निरंतर कंट्रीब्यूट कर रहा है हमारे किसने हमारे पशुपालकों को हमारे मछुआरों के परिश्रम और सरकार की नीतियों से भारत का समर्थ निरंतर बढ़ रहा है बीते दशक में हमारे फूड ग्रेड प्रोडक्शन में काफी वृद्धि हुई है***

फूड इंडिया कार्यक्रम में भाग ले रहे सोलन के किसान हिमांशु शर्मा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में अपने खेतों में उगाये गए फलों, ड्राई फ्रूट और सब्जियों के प्रदर्शन के लिए अवसर मिलने पर वर्ल्ड फूड इंडिया  का आभार प्रकट किया।

***हमारी सारी ही प्रोडक्ट नेचुरल है और क्वालिटी प्रोडक्ट्स है यह प्योर ऑर्गेनिक है जिसे हमारे छोटे–छोटे फार्मर करते हैं मैं भारत सरकार का और मंत्रालय का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने हमें यह मौका दिया ताकि हम भी अपने फार्म की बात आगे रख सके और यह बहुत ही अच्छा प्लेटफार्म***

अनुदान

केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण स्थानीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत असंबद्ध अनुदानों की पहली किस्त के रूप में 67 करोड़ 95 लाख रुपये जारी किए है। इस धनराशि से प्रदेश के ग्रामीण स्थानीय निकायों में स्वच्छता, खुले में शौच से मुक्ति ,घरेलू कचरे का प्रबंधन व उपचार, पेयजल आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण कार्य किये जायेगे।

सेवा पर्व– ई–गवर्नेंस इकोसिस्टम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने भारत के बढ़ते ई–गवर्नेंस इकोसिस्टम के माध्यम से शासन को एक सहज, पारदर्शी और समावेशी डिजिटल अनुभव में बदल दिया है।

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जिला कौन से प्रेरित होकर प्रौद्योगिकी शासन को और अधिक सुलभ तथा समावेशी बना रही है प्रधानमंत्री का कहना है कि ई गवर्नेंस सरल प्रभावी फीफा और पर्यावरण के अनुकूल हैं इफेक्टिव गवर्नेंस इकोनॉमिकल गवर्नमेंट आधार और मोबाइल भारत के पहले भारतीय विकसित डिजिटल परिदृश्य के प्रमुख प्रवर्तक बन गए हैं प्रत्यक्ष लाभ आंदोलन डीबीटी के तहत सरकारी लाभ सब्सिडी और भुगतान सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजने के लिए जैन नेटवर्क का इस्तेमाल किया जाता है***

जगत सिंह

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि इस मानसून सीजन के दौरान राज्य को 5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान का आकलन किया गया है।  शिमला में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सड़क मार्गों, कृषि व बागवानी भूमि को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। जगत सिंह नेगी

ने कहा कि प्रदेश सरकार कठिन आर्थिक हालात में भी प्रभावितों को हर संभव मदद दे रही है। उन्होंने कहा कि सेब सीजन में अभी तक मार्केट में सवा दो करोड़ सेब की पेटियां पहुंच चुकी हैं

नवरा्त्र

शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र के चौथे दिन आज मां दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अमर उजाला ने हाईकोर्ट के हवाले से सुर्खी दी है–हिमाचल में वन भूमि से हर हाल में हटेगा अतिक्रमण।

दैनिक जागरण का शीर्षक है–गिलवर्ट कंपनी पर लुटाए बिजली बोर्ड के 11 करोड़ 84 लाख रुपये, विजिलेंस में केस। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–विद्युत बोर्ड में 11 करोड़ 84 लाख की गड़बड़– 3 पूर्व इंजीनियरों सहित 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज। पंजाब केसरी, दैनिक भास्कर व आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–नशे पर चोट करेगी, एंटी–चिट्टा वालंटियर फोर्स।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे। नमस्कार। ———————————